प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

................

- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन पर व्यापक असर–सरहदी जिलों में दिन का तापमान 45 डिग्री पार।
- मुख्य सचिव ने पेयजल व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों की बैठक ली–परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करने के दिए निर्देश।
- सरकार ने शुगर, लीवर और हार्ट से जुडी बीमारियों के ईलाज में काम आने वाली दवाओं की कीमती में कटौती की।
- आईपीएल क्रिकेट में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने किया अंतिम चार के लिए क्वालीफाई।

................

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जन जीवन पर व्यापक असर पड रहा है। मौसम विभाग के अनुसा कई क्षेत्रों में दिन का तापमान 45 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। पश्चिमी और सरहदी जिलों में जोरदार गर्मी से लोग दिन के समय बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। जैसलमेर में भीषण गर्मी से लोगों की दिनचर्या अस्तव्यस्त हो गई है। बाडमेर में कल सीजन में दूसरी बार पारा 46 डिग्री को पार कर गया। वहां प्रचण्ड गर्मी के चलते आमजन घर में ही कैद हो गये है।

................

हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर सहित आस–पास के जिलों में भी गर्मी और लू का सितम जारी हैं। हनुमानगढ में कल दिन का अधिकतम तापमान 46 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी के कारण जिले में बिजली की मांग भी बढ गई हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि सूर्य के रोद्र रूप के चलते मौसमी बीमारियों के मरीज बढने लगे है।

................

भीषण गर्मी का असर पशु पक्षियों पर दिखाई दे रहा है। भरतपुर के केवलादेव उद्यान और ग्रामीण क्षेत्रों में पशु पक्षियों व्याकुल दिखाई दे रहे हैं । वहां विभिन्न संगठनों की ओर से परिंदों के लिए दाने पानी की व्यवस्था की जा रही है। सवाईमाधोपुर में कल अधिकतम तापमान 44 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। रणथम्भौरराष्ट्रीय उद्यान के जीव जन्तु इस तेज गर्मी से सहमे दिखाई दिये। इस बीच मौसम विभाग ने कहा कि कल से शुरू हुए लू के नये दौर के अगले एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में आज और कल अधिकतम तापमान 43–45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने तथा कहीं–कहीं लू चलने का पूर्वानुमान है। जोधपुर, बीकानेर संभाग में आगामी 2 दिन 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती हैं।

................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों से कहा है कि आमजन को पीने का पानी मुहैया कराने और पेयजल परियोजनाओं को समय पर लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाये। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में श्री पंत ने कहा कि आमजन के लिए पेयजल एक अति–संवेदनशील मामला है इसलिए इससे संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को गति देने के लिए आचार संहिता हटने का इंतजार ना करें। उन्होंने अधिकारियों से चुनाव आयोग से अनुमति लेकर आचार संहिता के दौरान भी आवश्यक सरकारी काम जारी रखने को कहा। मुख्य सचिव ने ईसरदा–दौसा जल आपूर्ति परियोजना तथा जल जीवन मिशन की प्रगति पर अधिकारियों से फीडबेक लिया। उन्होंने सभी परियोजनाओं की समयबद्ध मॉनिटरिंग करने और कार्य पूरा करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए।

................

सरहदी जिले जैसलमेर में पड रही भीषण गर्मी के दौरान पेयजल आपूर्ति सुचारू करने को लेकर विधायक महंत प्रताप पुरी ने जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को पीने का पानी मुहैया कराने के निर्देश दिए। जिले में पशुपक्षियों

के लिए भी पीने का पानी मुहैया कराने के लिए जगह–जगह परिंडे और खेलियां लगाई जा रही है। एनएसएस और एनसीसी केडेट्स भी जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे है।

................

सरकार ने विभिन्न बीमारियों के उपचार में आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं और छह फॉर्मूलेशन्सन की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर रोगों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। आवश्यक दवाओं को सुलभ बनाने के लिए यह निर्णय किया गया है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से डीलरों और थोक वितरकों को दें।

................

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में उच्च और उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न न्यायिक फैसलों को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय ने कहा कि इस नवाचार से अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं के संबंध में तथ्यात्मक और सटीक जानकारी प्राप्त हो सकेगी साथ ही भ्रमवश अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले अनावश्यक वादकरण में भी कमी आने की संभावना है। इससे भर्ती परीक्षाओं को समय पर सम्पन्न करने में सहायता के साथ अभ्यर्थियों को भी राहत मिलेगी।

................

खेतडी में कॉपर माईन्स हादसे के बाद नीम का थाना जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने कल अधिकारियों की बैठक लेकर आपदा प्रबंधन पर चर्चा की। श्री मेहरा ने अधिकारियों से संभावित आपदाओं का वर्गीकरण कर उनकी सूची तैयार करने को कहा तथा आपदाओं के निपटने के लिए पूर्व प्लान तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी बारिश के मौसम में बिजली गिरने की संभावनाओं वाले स्थलों, ऊंची इमारतों, मोबाईल टावरों और पानी की टंकियां पर तडित चालक लगाने को कहा।

................

आज विश्व दूरसंचार दिवस है। इंटरनेट तथा अन्यं सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग करने की संभावनाओं के प्रति जागरुकता के लिए ये दिन मनाया जाता है। सूचना तकनीक, समाज और अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। हाल के वर्षों में भारतीय दूरसंचार क्षेत्र महत्वपूर्ण विकास और परिवर्तनकारी युग के चरण को स्थापित करने का साक्षी बना है। देश आज डिजिटल क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रुप में उभरकर आने तथा अपने नागरिकों को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण डिजिटल यात्रा का उत्सव मना रहा है। आज भारत 4जी तकनीक के साथ ही 5जी के इस्तेमाल में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। देश के 99 प्रतिशत लोगों तक सूचना तकनीक की पहुंच मुहैया करवाकर देश आज दूरसंचार व्यवस्था में कई देशों से आगे है।

................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 19 से 28 मई तक राष्ट्रीय सहकार मेला आयोजित किया जायेगा। सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की ओर से 10 दिवसीय इस मेले में लोगों को शुद्ध और प्रमाणित मसालें एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। मेले से मसाला उत्पादक किसानों और छोटी इकाइयों का सीधे ग्राहकों से संपर्क हो सकेगा। मेले में रोजाना आकर्षक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी।

................

आईपीएल क्रिकेट में सनराइजर्स हैदराबाद ने लीग में अंतिम चार के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कल गुजरात टाइटंस के खिलाफ सनराइजर्स का मैच बारिश के कारण रद्द होने की वजह से हैदराबाद की टीम अगले पडाव में पहुंच गई है। इस बीच आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। वानखेड़े स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। लखनऊ को प्रतियोगिता में बने रहने के लिए आज का मैच बडे अंतर से जीतना होगा। गौरतलब है कि कोलकाता नाईटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम पहले ही अगले दौर में पहुंच चुकी है।

................